CHAPTER - 5
हामिद खाँ

बोध प्रश्न

प्रश्न 1:

लेखक का परिचय हामिद खाँ से किन परिस्थितियों में हुआ ?

उत्तर 1:

जब लेखक पाकिस्तान में तक्षशिला के खंडहर देखने गया तो भयंकर गर्मी के कारण उसको बहुत तेज भूख लगी इसीलिए वह स्टेशन के पास इधर'–उधर कुछ ढूँढ़ने लगा । कुछ दूर चलने पर उसे एक होटल से रोटियों की खुशबू आती दिखाई वह उस ओर बढ़ गया । वहाँ पर एक आदमी रोटियाँ सेंक रहा था वही हामिद खाँ था । यही लेखक का हामिद खाँ से प्रथम परिचय था ।

प्रश्न 2:

'काश मैं आपके मुल्क में आकर यह सब अपनी आँखों से देख सकता ।' हामिद खाँ ने ऐसा क्यों कहा ?

उत्तर 2:

हामिद को जब यह पता चला कि लेखक एक हिंदू है तो वह चौंक गया और उसने लेखक से पूछा कि क्या वह मुसलमान होटल में खाना खाएंगे लेखक के हाँ कहने पर हामिद खाँ चौंक गया । जब लेखक ने बताया कि हिंदुस्तान में किस प्रकार हिंदू और मुसलमान मिल कर रहते हैं । वहाँ हिंदू–मुस्लिम झगड़े न के बराबर होते है ; सब मिलजुल कर रहते हैं कभी किसी हिंदू को अच्छा पुलाव खाना हो तो वे किसी मुसलमान होटल में जाकर खाते हैं । हामिद खाँ को सहसा इन बातों पर विश्वास नहीं हुआ । इसलिए उसने लेखक से कहा कि वह यह सब अपनी आँखों से देखना चाहता है । क्योंकि यहाँ पर ऐसा माहौल नहीं है ।

प्रश्न 3:

हामिद को लेखक की किन बातों पर विश्वास नहीं हो रहा था ?

उत्तर 3:

जब लेखक ने कहा कि हमारे यहाँ हिंदू और मुसलमान मिलकर रहते हैं , और बढ़िया चाय पीनी हो या बढ़िया पुलाव खाना हो तो मुसलमानी होटल में जाते हैं और यहाँ पर हिंदू और मुसलमानों में झगड़ें नहीं होते हैं । इन सभी बातों पर हामिद खाँ को सहसा विश्वास नहीं हो रहा था क्योंकि यहाँ उसने ऐसा माहौल कभी नहीं देखा था ।

प्रश्न 4:

हामिद खाँ ने पैसा लेने से इंकार क्यों कर दिया ?

उत्तर 4:

लेखक की बातें सुनकर हामिद खाँ उससे बहुत प्रभावित हुआ इसलिए उसने उसे अपना मेहमान मानते हुए पैसे लेने से इंकार कर दिया और साथ में यह भी कह दिया कि अपने यहाँ जब किसी मुसलमान होटल में खाएं तो हामिद खाँ को याद करें ।

प्रश्न 5:
मालाबार में हिंदू–मुसलमानों के परस्पर संबंधों को अपने शब्दों में लिखिए ।

उत्तर 5:
मालाबार भारत के दक्षिणी छोर मद्रास के आगे है । यहाँ पर कभी कोई हिंदू–मुस्लिम झगड़े नहीं होते हैं । यहाँ पर सभी लोग मिल–जुलकर रहते हैं हिंदू और मुसलमान में कोई फर्क नहीं है । भारत में मुसलमानों द्वारा बनाई गई पहली मस्जिद भी इसी राज्य में है ।

प्रश्न 6:
तक्षशिला में आगजनी की खबर पढ़कर लेखक के मन में कौन–सा विचार कौंधा इससे लेखक के स्वभाव की किस विशेषता का पता चलता है ?

उत्तर 6:
तक्षशिलामें आगजनी की खबर पढ़कर लेखक के मन में यही विचार कौंधा कि हे भगवान मेरे हामिद की दुकान को कुछ न हुआ हो हे! भगवान मेरे हामिद की दुकान को आगजनी से बचा लेना । उपरोक्त व्हवहार से लेखक की धार्मिक सहिष्णुता और मानवतावादी विचारधारा का पता चलता है ।